Page Three
Classified

Adds can be booked under these Categories : (all day publication)

Recruitment
Property
Business Opportunity
Vehicles
Announcements
Antiques & Collectables
Barter
Books
Computers
Domain Names
Education
Miscellaneous
Entertainment & Event
Hobbies & Interests
Services
Jewellery & Watches
Music
Obituary
Pets & Animals
Retail
Sales & Bargains
Health & Sports
Travel

Matrimonial (Sunday Only)



अब मात्र रु. 20 प्रति शब्द

# व्यापार मंडल में एकता के दावे हुए हवा–हवाई

**प्रदर्शन**

## एकीकरण के बावजूद नेताओं के अलग–अलग सुर

**संवाददाता**

हरिद्वार। हरिद्वार में अनेक प्रयासों के बावजूद व्यापारियों के एकीकरण की कोशिशें सफल नहीं हो रही हैं। एक हो जाने के बावजूद अलग अलग गुट के व्यापारी नेता जिला इकाई में अपनी अलग–अलग ढफलियां बजा रहे हैं। गत वर्ष भंग चली आ रही जिला व्यापार मंडल ईकाई में ओमप्रकाश जमदग्नि, सुरेश गुलाटी गुट के विलय के बाद तदर्थ रुप से सुरेश गुलाटी को जिलाध्यक्ष व संजीव नैय्यर को जिला महामंत्री मनोनीत करते हुए चुनाव कराने पर सहमति बनी थी। बाद में इसमें नीरज सिंघल के प्रांतीय उद्धोग व्यापार मंडल का भी विलय हो गया। लेकिन तीन बड़े व्यापारिक संगठनों के विलय के बाद भी व्यापारी नेताओं के मन नहीं मिल रहे।




सुरेश गुलाटी टीम में जिला उपाध्यक्ष बनाए गये शिवकुमार कश्यप सबसे पहले गुलाटी टीम को अलविदा कहते हुए संजीव चौधरी के उत्तराखंड व्यापार मंडल में शामिल होकर उनके जिला अध्यक्ष बन गए। उसके बाद जिलाध्यक्ष गुलाटी द्वारा बनाई गई हरिद्वार शहर इकाई के अध्यक्ष कमल बृजवासी को लेकर कुछ व्यापारी नेताओं ने खुलेआम असंतोष जताया। जिला उपाध्यक्ष नीरज सिंघल भी जिला इकाई से इतर अपनी अलग ढफली बजा रहे हैं। वह बिना जिला पदाधिकारियों को भरोसे में लिए अपने एजेंडे पर धरने–प्रदर्शन कर रहे हैं। एक व्यापारी नेता ने तो इससे भी आगे जाकर पिछले दिनों हुए सीपीयू व व्यापारियों के विवाद में सीपीयू की कार्रवाई का समर्थन करते हुए विवाद में शामिल व्यापारी नेताओं की गिरफ्तारी की ही मांग कर डाली थी। इस सबसे पता चलता है कि जिला व्यापार मंडल में फिलहाल सबकुछ ठीकठाक नहीं है। हालांकि इसके कई कारण हैं। कोरोना के कारण चल रहे लॉकडाउन से व्यापारी बुरी तरह प्रभावित हुए हैं। विकास कार्यों के चलते खुदी पड़ी सड़कों, बाजारों से भी व्यापार प्रभावित हो रहा है। व्यापारी नेताओं के एक ही इकाई में रहते हुए अपने अलग अलग धरने, प्रदर्शन के पीछे आने वाले कुंभ में व्यापारियों की राजनीति भी एक प्रमुख कारण है। हालांकि जिला व्यापार मंडल बिना जिला इकाई को भरोसे में लिए कार्यक्रम करने वाले पदाधिकारियों पर कार्रवाई का मन बना चुका है।

जिला इकाई की ओर से संरक्षक मंडल को भी ऐसे पदाधिकारियों के खिलाफ कार्रवाई के लिए पत्र दिया गया है। सदस्य, संरक्षक मंडल ओमप्रकाश जमदग्नि का कहना है कि एक ही संगठन में रहते हुए बिना पदाधिकारियों की सहमति से अपने कार्यक्रम आयोजित करना उचित नहीं है। यह व्यापारियों की एकता व ताकत को कमजोर करने वाला है। इस पर कार्रवाई की जाएगी।

## न्यूज डायरी

### लंबे जददोजहद के बाद खुली जौलजीवी मदकोट सड़क

**संवाददाता** पिथौरागढ। जिले में पिछले एक माह से भारी बारिश के चलते बंद पड़ी जौलजीवी मदकोट सड़क देर सांय आवागमन के लिए खोल दी गई। देर सांय घंटों मशक्कत के बाद बीआरो द्वारा क्षेत्र में बंद पडी सड़कों को खोल दिया गया है। लंबे समय से सीमांत में खाधान्न संकट की मार झेल रहे गग्रमीणों को राहत मिलेगी।

### मुंसयारी के लोगों ने रखा दो घंटे का सांकेतिक उपवास

**संवाददाता** पिथौरागढ़। सीमांत में आपदा प्रभावित क्षेत्र में भीषण आपदा को आये एक माह तक का समय बीत चुका है। काफी जददोजहद के बाद सीएम त्रिवेन्द्र रावत का आपदाग्रस्त क्षेत्रों मे आने का कार्यक्रम रखा गया। बता दें कि आपदा प्रभावित क्षेत्रों मे मुंसयारी तहसील का सीएम के कार्यक्रम में कही से कही तक जिक्र न होने से क्षेत्र के लागों ने खिन्न होकर अपना विरोध दर्ज करने के साथ खासा प्रर्दशन किया। नाराज क्षेत्र के आपदा प्रभावितों ने सीएम के दौरे के रद होने को क्षेत्र के लोगों के साथ खिलवाड बताया है। नाराज क्षेत्र के आपदा प्रभावितों ने दो घंटे का सांकेतिक उपवास भी रखा। इस दौरान क्षेत्र के तमाम जनसंगठनों ने भले ही सीएम साहब जिले के आपदा प्रभावित क्षेत्रों में न आ सके मगर 'में मुंसयारी हुं' बैनर के तले सोकेतिक उपवास रखकर प्रर्दशन किया।

### विमल आचार्य पदोनत हुए अपर पुलिस अद्यीक्षक पद पर

**संवाददाता** पिथौरागढ़। धारचूला में नियुक्त पुलिस उपाधीक्षक के पद पर श्री विमल आचार्य का अपर पुलिस अद्यीक्षक के पद पर पदोनति हो चुकी है। बता दें कि उनकी इस पदोनति पर पुलिस अद्यीक्षक प्रीति प्रियदर्शनी ने पदोनति पर उनको बधाई देने के साथ उनके द्वारा सीमांत तहसील व सीमांत जनपद में किये गये कार्यो की खासा तारिफ भी की है। वही विमल कुमार आचार्य द्वारा सभी का आभार भी व्यक्त किया गया।

### जीआईए ने 'नवरत्न' पर नॉलेज वेबिनार पेश किया

**संवाददाता** देहरादून। जीआईए इंडिया ने दून, उत्तराखंड में सर्राफा मंडल के सदस्यों के लिए "नवरत्न" पर एक नॉलेज वेबिनार पेश किया। इन नौ रत्नों के बारे में ज्ञान अर्जित करने के लिए 90 से अधिक सहभागियों ने इस वेबिनार में भाग लिया। जीआईए इंडिया के शिक्षक मोहित अग्रवाल ने भारतीय ज्योतिषशास्त्र में दिव्य पिंडों का निरूपण करने वाले नौ रत्नों के बारे में बारीक परखों को साझा किया।

## आवारा पशुओं का आतंक, खेतों में घुस फसलों का कर रहे नुकसान

**कृषकों ने आवारा पशुओं से किये जा रहे नुकसान को लेकर डीएम को भेजा ज्ञापन**

**संवाददाता** पुरोला। नगर पंचायत क्षेत्र में खुले में घूम रहे व सडकों में झूंड के झूंड खडे आवारा पशुओं से बाजार में आये दिन जाम स्थिति पैदा हो रही है वहीं रात–दिन खेतों में घूसकर झूंड के रूप में आवारा पशु वार्ड नं 1 व 2 में कृषकों की खड़ी फसल को भी भारी नुकसान पहुंचा रहे हैं। जिसे लेकर सोमवार को वार्ड 1–2 पुरोला गांव के कृषकों ने डीएम को ज्ञापन भेजकर समस्या के निजात को नगर पंचायत को निर्देशीत करनें की मांग की है।

ज्ञापन में कहा गया है कि नगर क्षेत्र में आये दिन आसपास गांव के आवारा पशु घूम रहे है जिससे पूरे नगर क्षेत्र में अव्यवस्था का आलम है। आवारा पशुओं के झूंड मुख्य सड़कों–पुलों पर खड़े रहने से घंटों जाम की स्थिति व आने जाने वाले वाहनों से बाजार क्षेत्र में आवागमन बाधित होता है वहीं नगर के वार्ड न 1 व 2 पुरोला गांव जंहा अधिकांश ग्रामीण कृषि पर निर्भर है पर आवारा पशुओं रात को झूंड के झूंड खेतों में घूस कर किसानों की खड़ी फसल को नुकसान पहुचा रहे हैं।

आवारा पशुओं से निजात दिलाने के लिए नगर पंचायत प्रशासन के पास नगर क्षेत्र में घूम रहे आवारा पशुओं रखने के लिए ना तो कोई कांजी हाउस है ना ही कोई दूसरी व्यवस्था है। दूसरी ओर नगर पंचायत अध्यक्ष हरिमोहन नेगी ने बताया कि नगर के वार्ड 1 व 2 पुरोला गांव शीघ्र ही कांजी हाउस की व्यवस्था की जा रही है जहाँ आवारा पशुओं को रखा जाएगा साथ ही यदि 2––3 दिनों तक पशु मालिक अपना पशु लेने नही आता तो पशुओं को नगर क्षेत्र से बाहर जंगल में छोड़ दिया जाएगा।

## हुडोली व्यापार मंडल के त्रेपन अध्यक्ष व नरेंद्र महामंत्री बने

**संवाददाता** पुरोला। प्रांतीय उधोग व्यापार मंडल यमुना घाटी जिलाध्यक्ष कबूल पंवार की देख रेख में रविवार को हुडोली व्यापार मंडल इकाई का गठन किया गया। जिसमें में त्रेपन सिंह नेगी अध्यक्ष ,नरेंद्र सिंह नेगी को महामंत्री चुना गया।

इसके अलावा संरक्षक पद के लिए किशन सिंह रावत,उपाध्यक्ष दिनेश कुमार, कोषाध्यक्ष अमन सिंह चौहान, संगठन मंत्री आनंद परमार,प्रचार मंत्री प्रदीप कुमार व कार्यकारिणी सदस्य के लिए दिनेश माहिल, टेक बहादुर,अजय पाल रमोला,विनोद रावत,अरुण ठाकुर आदि को निर्विरोध चुना गया।

बैठक व चुनाव प्रदेश मंत्री उपेंद्र सिंह असवाल, जिलाध्यक्ष कबूल सिंह पंवार,वरिष्ट जिला उपाध्यक्ष तिलक रमोला,हरदेव राणा,अरविंद खंडूरी व सुनील भंडारी की देख रेख में संपन्न हुए।

बैठक में व्यापारियों की विभिन्न समस्याओं पर चर्चा कर सभी पदाधिकारियों को संगठन के महत्व व दायित्वों के बारे बताया गया साथ ही नई टीम को नई ऊर्जा के साथ काम करने को भी प्रेरित किया।

इस अवसर पर नागेंद्र नेगी,अमीन सिंह मीना देवी,जनक सिंह, मनोज,अजब सिंह रावत,सुमन सिंह प्यारेलाल,अजय पाल,गोविंद नेगी,अमित शाह समेत कई व्यापारी मौजूद थे।

## शहीद बिशन सिंह का रिटायरमेंट के बाद का सपना रह गया अधूरा

**निर्मल भट्ट। विशेष रिपोर्ट**

पिथौरागढ़। पन्द्रह अगस्त के दिन जब पूरा देश आजादी का जश्न मना रहा था वही ठीक उसी वक्त सीमांत देवभूमि उतराखंड के लिए बुरी खबर भी आई। जानकारी के मुताबिक गलवान घाटी में चीनी सैनिकों से हुई झडप में घायल हुए जवान हवालदार बिशन सिह की मौत की खबर आने से पूरे राज्य में शोक की लहर छा गई। मूल रूप से सीमांत जनपद पिथौरागढ की सीमांत तहसील बंगापानी के रहने वाले बिशन सिह ने इलाज के दौरान चंडीगड मेडिकल हास्पिटल में दम तोड दिया। बता दें कि 43 वर्षीय बिशन सिह ने



लेह के हासपिटल में आठ दिन भर्ती रहने के बाद दुबारा डिस्चार्ज लेने के बाद गलवान घाटी पहुंचने के बाद जैसे ही अपनी देश सेवा करनी शुरू की तो उनकी तबियत और ज्यादा बिगड़ गई। वही उन्हें चंडीगड़ में लाकर भर्ती कराया गया जहां उन्होंने पंद्रह अगस्त की देर सांय को इलाज के दौरान दम तोड़ दिया। बता दें कि जैसे ही उनके निधन की सूचना उनके गांव व परिवार के लोगों को मिली तो उनके परिवार में मातम पसर गया। शहीद हवालदार बिशन सिह के पार्थिव शरीर रात करीब डेढ बजे कमलवागांजा स्थित उनके भाई जगत सिह के आवास पर पहुंचाया गया। शहीद हवालदार बिशन अपने पीछे पत्नी सीता देवी और दो बच्चों को छोड़ गये है। उनका बेटा मनोज उनीस साल का है तो बेटी मनीषा सोलह साल की है। जानकारी मिली है कि शहीद हवालदार बिशन इक्तीस अगस्त को देश सेवा से रिटायरमेंट होने वाले थे। उनका सपना था कि अब रिटायरमेंट के बाद अपना बचा हुआ समय व बाकी जिंदगी अपने परिवार के साथ बिताना चाहते थे। मगर उनका यह सपना अब अधूरा रह गया। देर सांय उनका अंतिम संस्कार हल्द्वानी के चित्रशिला घाट में किया गया।

## गधेरे में नहाने उतरी दो किशोरियों की मौत

**संवाददाता** पिथौरागढ़। जिला मुख्यालय से लगभग सताइस किमी दूर भटयूडा में आने वाले जिला पंचायत दूर गग्रम पंचायत जमराडी में घटी यह घटना। जानकारी के अनुसार जमराडी की रहने वाली पूजा पुत्री रमेश सिह व अंजलि पुत्री प्रताप सिंह गत शनिवार को घास लेने जंगल गई थी। दोपहर में जंगल से लौटते वक्त दोनों बच्चियां रास्ते में पड़ने वाले गधेरे में नहाने उतरी । दोनो की मौके पर गधेरे में डूबने से मौत हो गई। मौके पर दोनों किशोरियों की ढूंढ खोज की गई तो घटना का पता लगा। जिससे गग्रमीणों में कोहराम मच गया। बता दें कि सदमें में आये गांव के गग्रमीणों द्वारा बगैर राजस्व पुलिस को घटना की सूचना दिये बगैर दोनों किशोरियों का अंतिम संस्कार करना उचित समझा। वही भटयूडा से जिला पंचायत सदस्य कोमल मेंहता ने इस घटना पर गहरा शोक व्यक्त करते हुए इस संबंध में बीते सांय सोमवार को जिलाधिकारी के समक्ष यह मामला रखते हुए पीड़ित परिवार को मुआवजा दिलाये जाने के लिए जिलाधिकारी को पत्र सौपा।